समस्त पत्र–व्यवहार "कुलसचिव" को ही संबोधित किया जाये
किसी अधिकारी के व्यक्तिगत नाम से नहीं । पूर्व सन्दर्भ यदि हो
तो, देना आवश्यक है अन्यथा कोई कार्यवाही संभव नहीं होगी ।

दूरभाष : 2527532
तार : यूनिव्हर्सिटी
फेक्स : 731–2529540

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर

विश्वविद्यालय भवन,
इन्दौर–452001

क्रमांक:विकास/यूजीसी फेलोशिप/2018/395

दिनांक: 12 JUL 2018

प्रति,
प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक
संबंधित महाविद्यालय/संस्थान
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर

विषयः **यूजीसी फेलोशिप में चयनित शोधार्थियों के फेलोशिप देयक/अन्य प्रपत्र एवं केनरा बैंक ब्रांच से यूजीसी के संस्थान आधारित यूजीसी पोर्टल(Institute Based Portal) पर शोधार्थियों के डाटा प्रवजन (Migrate) करने के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि यूजीसी फेलोशिप वर्ष 01.04.2011 से यूजीसी के नियमानुसार ऑनलाईन कर दी गई थी जिसमें चयनित शोधार्थियों को केनरा बैंक के माध्यम से सीधे शोधार्थियों के खाते में फेलोशिप भेजी जा रही थी तथा उपयोगिता प्रमाणपत्र का कार्य भी केनरा बैंक के माध्यम से संपन्न हो रहा था।

निवेदन है कि यूजीसी के पत्र क्रमांक F.No.8-2/2016(SA-III)/DBT/MOU दिनांक 18.5.2018 द्वारा यूजीसी शोधार्थियों के फेलोशिप संबंधी डाटा यूजीसी फेलोशिप पोर्टल पर अपलोड करने का कार्य अब केनरा बैंक द्वारा नहीं किया जावेगा तथा संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान/महाविद्यालय द्वारा किया जाना है।

अवगत कराना है कि उक्त शोधार्थियों का फेलोशिप संबंधी डाटा का माइग्रेशन केनरा बैंक ब्रांच से यूजीसी के संस्थान बेस्ट पोर्टल(Institute Based Portal) पर किया जाना है।अतः उक्त प्रकरण में जिन शोधार्थियों का कार्य कैनरा बैंक द्वारा किया जा रहा था, उनके फेलोशिप से संबंधित डाटा का माइग्रेशन यूजीसी के संस्थान बेस्ट पोर्टल(Institute Based Portal) पर करने के लिए यूजीसी पोर्टल पर उपलब्ध प्रपत्र के अनुसार कार्यवाही अपेक्षित है जो कि संबंधित महाविद्यालय/संस्थान द्वारा की जाना है।

अतः संबंधित प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक से अनुरोध है कि यूजीसी की सूचना अनुसार आपके महाविद्यालय/संस्थान में इस संबंध में एक नोडल अधिकारी नियुक्त कर यूजीसी की सूचना अनुसार ई–मेल के माध्यम से पोर्टल का लॉगिन आई.डी. एवं पासवर्ड प्राप्त करें तथा शोधार्थियों को इस संबंध में विश्वविद्यालय न भेजे एवं फेलोशिप अपडेशन संबंधी समस्त कार्य महाविद्यालय/संस्थान स्तर पर करें जिससे चयनित शोधार्थियों को किसी तरह की परेशानी न हो तथा उन्हें समय–सीमा में फेलोशिप का भुगतान हो सकें।

भवदीय,

संलग्नः **यूजीसी सूचना–पत्र**

कुलसचिव

पृ. क्रमांक:विकास/यूजीसी फेलोशिप/2018/393

दिनांक: 12/07/2018

प्रतिलिपिः–

1. कुलपतिजी के सचिव, देअविवि इंदौर
2. कुलसचिव के निज सहायक, देअविवि इंदौर
   की ओर सूचनार्थ।

प्रभारी(विकास)